दैनिक जागरण 25/12/2025

# विद्यार्थियों को दी उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी



कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करतीं वक्ता। • सौजन्य विज्ञप्ति

**अंबाला, विज्ञप्ति** : राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के उपलक्ष्य में गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला कैंट के अर्थशास्त्र विभाग की असो से गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज आफ नर्सिंग में एक उपभोक्ता जागरूकता व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रमुख धाराओं से अवगत कराना था, ताकि वे एक जागरूक और जिम्मेदार उपभोक्ता के रूप में स्वयं को सशक्त बना सकें। मुख्य वक्ता अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा ने विद्यार्थियों को उपभोक्ता अधिकारों, उपभोक्ता कर्तव्यों, शिकायत निवारण की प्रक्रिया तथा आनलाइन एवं ऑफलाइन खरीदारी के दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को कहा कि जागरूक उपभोक्ता ही सशक्त राष्ट्र की नींव है और वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग रहे।